भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1891
गुरुवार, 14 दिसम्बर, 2023(23 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर
****

उड़ान के अंतर्गत मार्गों को बंद करना

1891. श्री बी. मणिक्कम टैगौरः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़ान के तहत बंद किए गए मार्गों हेतु फिर से बोली आमंत्रित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि 2017 में योजना शुरू होने के बाद से 50 प्रतिशत 'उड़ान' मार्ग बंद हो चुके हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त योजना के तहत विकसित 15 विमानपत्तनों के उपयोग बंद हो गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क): आरसीएस योजना के तहत, जिस मार्ग को सक्षम प्राधिकारी द्वारा बंद और रद्द कर दिया गया है, उसके लिए किसी भी एयरलाइन द्वारा बोली के आगामी दौर में फिर से बोली लगाई जा सकती है। 03 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही बंद और रद्द किए गए कुल 20 आरसीएस मार्ग, जो आरसीएस के अंतर्गत आने के मानदंडों को पूरा करते थे, उन्हें बोली के आगामी दौरों में अवार्ड किया गया है।

(ख) योजना के तहत, दिनांक 30.11.23 तक 517 मार्गों को प्रचालनिक किया गया है, जिनमें से 56% मार्ग वर्तमान में भी प्रचालनरत हैं, जिनमें वे मार्ग भी शामिल हैं जो 03 वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के बाद भी जारी हैं।

(ग): "उड़ान योजना" के तहत, दिनांक 30.11.2023 तक 76 हवाईअड्डे/हेलीपोर्ट/ वाटर प्रचालनिक हो गए हैं, जिनमें से 2 वाटर एयरोड्रोम सहित 12 हवाईअड्डे, वर्तमान में गैर-प्रचालनिक हैं और इन्हें उड़ान योजना के तहत बोली लगाने के लिए अपरिचालित हवाईअड्डों की सूची में शामिल किया गया है। इनका विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

******

अनुबंध

दिनांक 01.12.23 तक गैर-प्रचालनिक हवाईअड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर-एयरोड्रोमों की सूची

क्र.सं	हवाईअड्डा/हेलीपोर्ट्स (एच) /वाटर एयरोड्रोम (डब्ल्यूए)	प्रचालन की अंतिम तिथि	गैर-प्रचालनीकरण का कारण

1.	साबरमती रिवर फ्रंट (डब्ल्यूए)	11.04. 2021	किसी भी एयरलाइन ने प्रचालन हेतु आवेदन नहीं किया
2.	स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यूए)	11.04. 2021	किसी भी एयरलाइन ने प्रचालन हेतु आवेदन नहीं किया
3.	हिसार	31.07.2021	विकास कार्य जारी है
4.	आदमपुर	17.12.2021	विकास कार्य जारी है
5.	पठानकोट	28.02.2022	किसी भी एयरलाइन ने प्रचालन हेतु आवेदन नहीं किया
6.	नांदेड़	28.02.2022	लाइसेंस निलंबित
7.	जलगांव	28.02.2022	किसी भी एयरलाइन ने प्रचालन हेतु आवेदन नहीं किया
8.	पिथोरागढ़	23.01.2023	ऑपरेटर ने अभी रूट शुरू नहीं किया है
9.	अल्मोड़ा (एच)	28.01.2023	प्रचालन द्वारा मार्ग पर प्रचालन आरंभ किया जाना है
10.	हल्द्वानी (एच)	28.01.2023	प्रचालन द्वारा मार्ग पर प्रचालन आरंभ किया जाना है
11.	जैसलमेर	05.03.2023	मौसमी हवाईअड्डा
12.	बीकानेर	18.05.2023	प्रचालन द्वारा मार्ग पर प्रचालन आरंभ किया जाना है